फल	उस की तरफ़	खिंचे चले आते हैं	हुर्मत वाला मुक़ामे अम्न	उन्हें	दिया ठिकाना हम ने	क्या नहीं	अपनी सरज़मीन से

كُلِّ شَيْءٍ رِّزْقًا مِّنْ لَّدُنَّا وَلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٥٧﴾

57	नहीं जानते	उन में अक्सर	और लेकिन	हमारी तरफ़ से	बतौरे रिज़्क़	हर शै (क़िस्म)

وَكَمْ اَهْلَكْنَا مِنْ قَرْيَةٍۢ بَطِرَتْ مَعِيْشَتَهَا ۚ فَتِلْكَ مَسٰكِنُهُمْ

उन के मस्कन	सो, यह	अपनी मईशत	इतराती	बस्तियां	हलाक कर दीं हम ने	और कितनी

لَمْ تُسْكَنْ مِّنْۢ بَعْدِهِمْ اِلَّا قَلِيْلًا ؕ وَكُنَّا نَحْنُ الْوٰرِثِيْنَ ﴿٥٨﴾

58	वारिस (जमा)	हम	और हुए हम	क़लील	मगर	उन के बाद	न आबाद हुए

وَمَا كَانَ رَبُّكَ مُهْلِكَ الْقُرٰى حَتّٰى يَبْعَثَ فِيْٓ اُمِّهَا رَسُوْلًا يَّتْلُوْا

वह पढ़े	कोई रसूल	उस की बड़ी बस्ती में	भेज दे	जब तक	बस्तियां	हलाक करने वाला	तुम्हारा रब	और नहीं है

عَلَيْهِمْ اٰيٰتِنَا ۚ وَمَا كُنَّا مُهْلِكِي الْقُرٰٓى اِلَّا وَاَهْلُهَا ظٰلِمُوْنَ ﴿٥٩﴾

59	ज़ालिम (जमा)	उन के रहने वाले	मगर (जब तक)	बस्तियां	हलाक करने वाले	और हम नहीं	हमारी आयात	उन पर

और अलबत्ता हम ने मुसलसल भेजा उन के लिए अपना कलाम, ताकि वह नसीहत पकड़ें। (51)
जिन लोगों को हम ने उस से क़ब्ल किताब दी वह इस क़ुरआन पर ईमान लाते हैं। (52)
और जब उन के सामने (क़ुरआन) पढ़ा जाता है तो वह कहते हैं हम इस पर ईमान लाए, बेशक यह हक़ है हमारे रब की तरफ़ से, बेशक हम थे पहले से फ़रमांबरदार। (53)
यही लोग हैं जिन्हें उन का अजर दोहरा दिया जाएगा इस लिए कि उन्हों ने सब्र किया और वह भलाई से बुराई को दूर करते हैं और जो हम ने उन्हें दिया वह उस में से ख़र्च करते हैं। (54)
और जब वह बेहूदा बात सुनते हैं तो उस से किनारा करते हैं, और कहते हैं कि हमारे लिए हमारे अ़मल तुम्हारे लिए तुम्हारे अ़मल, तुम पर सलाम हो, हम जाहिलों से (उलझना) नहीं चाहते। (55)
बेशक तुम जिस को चाहो हिदायत नहीं दे सकते, बल्कि अल्लाह जिस को चाहता है हिदायत देता है, और हिदायत पाने वालों को वह ख़ूब जानता है। (56)
और वह कहते है अगर हम तुम्हारे साथ हिदायत की पैरवी करें तो हम अपनी सरज़मीन से उचक लिए जाएंगे। क्या हम ने उन्हें हुर्मत वाले मुक़ामे अम्न में ठिकाना नहीं दिया, उस की तरफ़ खिंचे चले आते हैं फल हर क़िस्म के, हमारी तरफ़ से बतौर रिज़्क़, लेकिन उन में अक्सर नहीं जानते। (57)
और कितनी (ही) बस्तियां हम ने हलाक कर दीं जो अपनी आमदनी और गुज़र बसर पर इतराती थीं, सो यह हैं उन के मस्कन, न आबाद हुए उन के बाद मगर कम, और हम ही हुए वारिस। (58)
और तुम्हारा रब नहीं है बस्तियों को हलाक करने वाला, जब तक उस की बड़ी बस्ती में कोई रसूल न भेज दे, वह उन पर हमारी आयात पढ़े, और हम बस्तियों को हलाक करने वाले नहीं जब तक उन के रहने वाले ज़ालिम (न) हों। (59)

النصف

وَمَآ اُوْتِيْتُمْ مِّنْ شَيْءٍ فَمَتَاعُ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَزِيْنَتُهَا ۚ وَمَا

और जो	और उस की ज़ीनत	दुनियां	ज़िन्दगी	सो सामान	कोई चीज़	और जो दी गई तुम्हें

عِنْدَ اللّٰهِ خَيْرٌ وَّاَبْقٰى ؕ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ﴿٦٠﴾ اَفَمَنْ وَّعَدْنٰهُ ع ٦ ١٠ ٩

हम ने वादा किया उस से	सो क्या जो	60	सो क्या तुम समझते नहीं?	बाक़ी रहने वाला-तादेर	बेहतर	अल्लाह के पास

وَعْدًا حَسَنًا فَهُوَ لَاقِيْهِ كَمَنْ مَّتَّعْنٰهُ مَتَاعَ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ثُمَّ هُوَ

वह	फिर	दुनिया की ज़िन्दगी	सामान	हम ने दिया उसे	उस की तरह जिसे	पाने वाला उस को	फिर वह	वादा अच्छा

يَوْمَ الْقِيٰمَةِ مِنَ الْمُحْضَرِيْنَ ﴿٦١﴾ وَيَوْمَ يُنَادِيْهِمْ فَيَقُوْلُ اَيْنَ

कहां	पस कहेगा वह	वह पुकारेगा उन्हें	और जिस दिन	61	हाज़िर किए जाने वाले	से	रोज़े क़ियामत

شُرَكَآءِىَ الَّذِيْنَ كُنْتُمْ تَزْعُمُوْنَ ﴿٦٢﴾ قَالَ الَّذِيْنَ حَقَّ عَلَيْهِمُ

उन पर	साबित हो गया	वह जो	कहेंगे	62	तुम गुमान करते थे	वह जिन्हें	मेरे शरीक

الْقَوْلُ رَبَّنَا هٰٓؤُلَآءِ الَّذِيْنَ اَغْوَيْنَا ۚ اَغْوَيْنٰهُمْ كَمَا غَوَيْنَا ۚ تَبَرَّاْنَآ

हम बेज़ारी करते हैं	हम बहके	जैसे	हम ने बहकाया उन्हें	हम ने बहकाया	वह जिन्हें	यह हैं	ऐ हमारे रब	हुक्मे (अज़ाब)

اِلَيْكَ ۖ مَا كَانُوْٓا اِيَّانَا يَعْبُدُوْنَ ﴿٦٣﴾ وَقِيْلَ ادْعُوْا شُرَكَآءَكُمْ

अपने शरीकों को	तुम पुकारो	और कहा जाएगा	63	बन्दगी करते	सिर्फ़ हमारी	वह न थे	तेरी तरफ़ (सामने)

فَدَعَوْهُمْ فَلَمْ يَسْتَجِيْبُوْا لَهُمْ وَرَاَوُا الْعَذَابَ ۚ لَوْ اَنَّهُمْ

काश वह	अज़ाब	और वह देखेंगे	उन्हें	तो वह जवाब न देंगे	सो वह उन्हें पुकारेंगे

كَانُوْا يَهْتَدُوْنَ ﴿٦٤﴾ وَيَوْمَ يُنَادِيْهِمْ فَيَقُوْلُ مَاذَآ اَجَبْتُمُ

तुम ने जवाब दिया	क्या	तो फ़रमाएगा	वह पुकारेगा उन्हें	और जिस दिन	64	वह हिदायत याफ़्ता होते

الْمُرْسَلِيْنَ ﴿٦٥﴾ فَعَمِيَتْ عَلَيْهِمُ الْاَنْۢبَآءُ يَوْمَئِذٍ فَهُمْ

पस वह	उस दिन	ख़बरें (बातें)	उन को	पस न सूझेगी	65	पैग़म्बर (जमा)

لَا يَتَسَآءَلُوْنَ ﴿٦٦﴾ فَاَمَّا مَنْ تَابَ وَاٰمَنَ وَعَمِلَ صَالِحًا فَعَسٰٓى

तो उम्मीद है	और उस ने अमल किए अच्छे	और वह ईमान लाया	जिस ने तौबा की	सो-लेकिन	66	आपस में सवाल न करेंगे

اَنْ يَّكُوْنَ مِنَ الْمُفْلِحِيْنَ ﴿٦٧﴾ وَرَبُّكَ يَخْلُقُ مَا يَشَآءُ وَيَخْتَارُ ؕ

और वह पसंद करता है	जो वह चाहता है	पैदा करता है	और तुम्हारा रब	67	कामयाबी पाने वाले	से	कि वह हो

مَا كَانَ لَهُمُ الْخِيَرَةُ ؕ سُبْحٰنَ اللّٰهِ وَتَعٰلٰى عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ﴿٦٨﴾ وَرَبُّكَ يَعْلَمُ

जानता है	और तुम्हारा रब	68	उस से जो वह शरीक करते हैं	और बरतर	अल्लाह पाक है	इख़्तियार	उन के लिए	नहीं है

مَا تُكِنُّ صُدُوْرُهُمْ وَمَا يُعْلِنُوْنَ ﴿٦٩﴾ وَهُوَ اللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ؕ

उस के सिवा	नहीं कोई माबूद	और वही अल्लाह	69	वह ज़ाहिर करते हैं	और जो	उन के सीने	छुपा है	जो

لَهُ الْحَمْدُ فِى الْاُوْلٰى وَالْاٰخِرَةِ ۫ وَلَهُ الْحُكْمُ وَاِلَيْهِ تُرْجَعُوْنَ ﴿٧٠﴾

70	तुम लौट कर जाओगे	और उसी की तरफ़	और उसी के लिए फ़रमां रवाई	और आख़िरत	दुनिया में	उसी के लिए तमाम तारीफ़ें

और तुम्हें जो कोई चीज़ दी गई है सो वह (सिर्फ़) दुनिया की ज़िन्दगी का सामान और उस की ज़ीनत है, और जो अल्लाह के पास है वह बेहतर है और तादेर बाक़ी रहने वाला है, सो क्या तुम समझते नहीं? (60)

सो जिस से हम ने अच्छा वादा किया फिर वह उस को पाने वाला है, क्या वह उस शख़्स की तरह है जिसे हम ने दुनिया की ज़िन्दगी के सामान दिया, फिर वह रोज़े क़ियामत (गिरफ़्तार हो कर) हाज़िर किए जाने वालों में से हुआ। (61)

और जिस दिन वह उन्हें पुकारेगा, कहेगा कहां हैं? मेरे शरीक जिन्हें तुम (मेरा शरीक) गुमान करते थे। (62)

(फिर) कहेंगे वह जिन पर हुक्मे अज़ाब साबित हो गया कि ऐ हमारे रब! यह हैं वह जिन्हें हम ने बहकाया, हम ने उन्हें (वैसे ही) बहकाया जैसे हम (ख़ुद) बहके थे। हम तेरी तरफ़ (तेरे हुज़ूर सब से) बेज़ारी करते हैं, वह हमारी बन्दगी न करते थे। (63)

और कहा जाएगा तुम अपने शरीकों को पुकारो, सो वह उन्हें पुकारेंगे, तो वह उन्हें जवाब न देंगे, और वह अज़ाब देखेंगे, काश वह हिदायत याफ़्ता होते। (64)

और जिस दिन वह उन्हें पुकारेगा तो फ़रमाएगा तुम ने पैग़म्बरों को क्या जवाब दिया था? (65)

पस उन को कोई बात न सूझेगी उस दिन, पस वह आपस में (भी) सवाल न कर सकेंगे। (66)

सो जिस ने तौबा की और वह ईमान लाया और उस ने अच्छे अमल किए, तो उम्मीद है कि वह कामयाबी पाने वालों में से हो। (67)

और तुम्हारा रब पैदा करता है जो वह चाहता है और (जो) वह पसंद करता है, नहीं है उन के लिए (उन का कोई) इख़्तियार, अल्लाह उस से पाक है और बरतर है उस से जो वह शरीक करते हैं। (68)

और तुम्हारा रब जानता है जो उन के सीनों में छुपा है, और जो ज़ाहिर करते हैं। (69)

और वही है अल्लाह, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, उसी के लिए हैं तमाम तारीफ़ें दुनिया में और आख़िरत में, और उसी के लिए है फ़रमांरवाई, और उसी की तरफ़ तुम लौट कर जाओगे। (70)

قُلْ اَرَءَيْتُمْ اِنْ جَعَلَ اللّٰهُ عَلَيْكُمُ الَّيْلَ سَرْمَدًا اِلٰى

तक	हमेशा	रात	तुम पर	कर दे (रखे) अल्लाह	अगर	भला तुम देखो तो	फ़रमा दें

يَوْمِ الْقِيٰمَةِ مَنْ اِلٰهٌ غَيْرُ اللّٰهِ يَاْتِيْكُمْ بِضِيَآءٍ ؕ اَفَلَا تَسْمَعُوْنَ ﴿٧١﴾

71	तो क्या तुम सुनते नहीं?	रोशनी	ले आए तुम्हारे पास	अल्लाह के सिवा	माबूद	कौन	रोज़े क़ियामत

قُلْ اَرَءَيْتُمْ اِنْ جَعَلَ اللّٰهُ عَلَيْكُمُ النَّهَارَ سَرْمَدًا اِلٰى

तक	हमेशा	दिन	तुम पर	बनाए (रखे) अल्लाह	अगर	भला तुम देखो तो	फ़रमा दें

يَوْمِ الْقِيٰمَةِ مَنْ اِلٰهٌ غَيْرُ اللّٰهِ يَاْتِيْكُمْ بِلَيْلٍ تَسْكُنُوْنَ فِيْهِ ؕ

उस में	तुम आराम करो	रात	ले आए तुम्हारे लिए	अल्लाह के सिवा	माबूद	कौन	रोज़े क़ियामत

اَفَلَا تُبْصِرُوْنَ ﴿٧٢﴾ وَمِنْ رَّحْمَتِهٖ جَعَلَ لَكُمُ الَّيْلَ وَالنَّهَارَ لِتَسْكُنُوْا

ताकि तुम आराम करो	और दिन	रात	उस ने तुम्हारे लिए बनाया	और अपनी रहमत से	72	तो क्या तुम्हें सूझता नहीं?

فِيْهِ وَلِتَبْتَغُوْا مِنْ فَضْلِهٖ وَلَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ﴿٧٣﴾ وَيَوْمَ

और जिस दिन	73	तुम शुक्र करो	और ताकि तुम	उस का फ़ज़्ल (रोज़ी)	और ताकि तुम तलाश करो	उस में

يُنَادِيْهِمْ فَيَقُوْلُ اَيْنَ شُرَكَآءِىَ الَّذِيْنَ كُنْتُمْ تَزْعُمُوْنَ ﴿٧٤﴾

74	तुम गुमान करते थे	वह जो	मेरे शरीक	कहां?	तो वह कहेगा	वह पुकारेगा उन्हें

وَنَزَعْنَا مِنْ كُلِّ اُمَّةٍ شَهِيْدًا فَقُلْنَا هَاتُوْا بُرْهَانَكُمْ

अपनी दलील	तुम लाओ (पेश करो)	फिर हम कहेंगे	एक गवाह	हर उम्मत	से	और हम निकाल कर लाएंगे

ع ١٥ ١٠ فَعَلِمُوْٓا اَنَّ الْحَقَّ لِلّٰهِ وَضَلَّ عَنْهُمْ مَّا كَانُوْا يَفْتَرُوْنَ ﴿٧٥﴾

75	जो वह घड़ते थे	उन से	और गुम हो जाएंगी	सच्ची बात अल्लाह की	कि	सो वह जान लेंगे

اِنَّ قَارُوْنَ كَانَ مِنْ قَوْمِ مُوْسٰى فَبَغٰى عَلَيْهِمْ ۖ وَاٰتَيْنٰهُ

और हम ने दिए थे उस को	उन पर	सो उस ने ज़ियादती की	मूसा (अ) की क़ौम	से	था	क़ारून	बेशक

مِنَ الْكُنُوْزِ مَآ اِنَّ مَفَاتِحَهٗ لَتَنُوْٓاُ بِالْعُصْبَةِ اُولِى الْقُوَّةِ ۗ

ज़ोर आवर	एक जमाअ़त पर	भारी होतीं	उस की कुन्जियां	इतने कि	ख़ज़ानों से

اِذْ قَالَ لَهٗ قَوْمُهٗ لَا تَفْرَحْ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُحِبُّ الْفَرِحِيْنَ ﴿٧٦﴾

76	ख़ुश होने (इतराने) वाले	पसंद नहीं करता	बेशक अल्लाह	न ख़ुश हो (न इतरा)	उस की क़ौम	उस को	जब कहा

وَابْتَغِ فِيْمَآ اٰتٰىكَ اللّٰهُ الدَّارَ الْاٰخِرَةَ وَلَا تَنْسَ نَصِيْبَكَ

अपना हिस्सा	और न भूल तू	आख़िरत का घर	तुझे दिया अल्लाह ने	उस से जो	और तलब कर

مِنَ الدُّنْيَا وَاَحْسِنْ كَمَآ اَحْسَنَ اللّٰهُ اِلَيْكَ وَلَا تَبْغِ

और न चाह	तेरी तरफ़ (साथ)	अल्लाह ने एहसान किया	जैसे	और नेकी कर	दुनिया	से

الْفَسَادَ فِى الْاَرْضِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُحِبُّ الْمُفْسِدِيْنَ ﴿٧٧﴾

77	फ़साद करने वाले	पसंद नहीं करता	बेशक अल्लाह	ज़मीन में	फ़साद

आप (स) फ़रमा दें भला देखो तो अगर अल्लाह रोज़े क़ियामत तक के लिए तुम पर हमेशा रात रखे तो अल्लाह के सिवा और कौन माबूद है? जो तुम्हारे लिए (दिन की) रोशनी ले आए, तो क्या तुम सुनते नहीं? (71)

आप (स) फ़रमा दें भला तुम देखो तो अगर अल्लाह तुम पर रखे रोज़े क़ियामत तक के लिए हमेशा दिन तो अल्लाह के सिवा और कौन माबूद है जो तुम्हारे लिए रात ले आए? कि तुम उस में आराम करो, तो क्या तुम्हें सूझता नहीं? (72)

और उस ने अपनी रहमत से तुम्हारे लिए रात और दिन को बनाया ताकि उस (रात) में आराम करो और (दिन में) रोज़ी तलाश करो, और ताकि तुम (अल्लाह का) शुक्र करो। (73)

और जिस दिन वह उन्हें पुकारेगा तो वह कहेगा कहां हैं वह? जिन को तुम मेरा शरीक गुमान करते थे। (74)

और हम हर उम्मत में से एक गवाह निकाल कर लाएंगे, फिर हम कहेंगे अपनी दलील पेश करो, सो वह जान लेंगे कि सच्ची बात अल्लाह की है, और गुम हो जाएंगी (वह सब बातें) जो वह घड़ते थे। (75)

बेशक क़ारून था मूसा (अ) की क़ौम से, सो उस ने उन पर ज़ियादती की, और हम ने उस को इतने ख़ज़ाने दिए थे कि उस की कुन्जियां एक ज़ोर आवर जमाअ़त पर (भी) भारी होतीं थीं, जब उस को उस की क़ौम ने कहा, इतरा नहीं बेशक अल्लाह पसंद नहीं करता इतराने वालों को। (76)

और जो तुझे अल्लाह ने दिया है उस से आख़िरत का घर तलब कर (आख़िरत की फ़िक्र कर) और अपना हिस्सा न भूल दुनिया से, और नेकी कर जैसे तेरे साथ अल्लाह ने नेकी की है, और तू फ़साद न चाह ज़मीन में, बेशक अल्लाह फ़साद करने वालों को पसंद नहीं करता। (77)

قَالَ اِنَّمَآ اُوْتِيْتُهٗ عَلٰى عِلْمٍ عِنْدِيْ ؕ اَوَلَمْ يَعْلَمْ اَنَّ اللّٰهَ

कि अल्लाह	वह जानता	क्या नहीं	मेरे पास	एक इल्म की वजह से	मुझे दिया गया है	यह तो	कहने लगा

قَدْ اَهْلَكَ مِنْ قَبْلِهٖ مِنَ الْقُرُوْنِ مَنْ هُوَ اَشَدُّ مِنْهُ قُوَّةً وَّاَكْثَرُ

और ज़ियादा	कुव्वत में	उस से	वह ज़ियादा सख़्त	जो	जमाअ़तें	से (कितनी)	उस से क़ब्ल	बिला शुबाह हलाक कर दिया है

جَمْعًا ؕ وَلَا يُسْـَٔلُ عَنْ ذُنُوْبِهِمُ الْمُجْرِمُوْنَ ﴿٧٨﴾ فَخَرَجَ عَلٰى قَوْمِهٖ

अपनी क़ौम	पर (सामने)	फिर वह निकला	78	मुजरिम (जमा)	उन के गुनाह	से (बाबत)	और न सवाल किया जाएगा	जमियत

فِيْ زِيْنَتِهٖ ؕ قَالَ الَّذِيْنَ يُرِيْدُوْنَ الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا يٰلَيْتَ لَنَا مِثْلَ

हमारे पास होता ऐसा	ऐ काश	दुनिया की ज़िन्दगी	चाहते थे (तालिब थे)	वह लोग जो	कहा	अपनी ज़ेब ओ ज़ीनत	में (साथ)

مَآ اُوْتِيَ قَارُوْنُ ۙ اِنَّهٗ لَذُوْ حَظٍّ عَظِيْمٍ ﴿٧٩﴾ وَقَالَ الَّذِيْنَ

वह लोग जिन्हें	और कहा	79	बड़ा	नसीब वाला	बेशक वह	क़ारून	जो दिया गया

اُوْتُوا الْعِلْمَ وَيْلَكُمْ ثَوَابُ اللّٰهِ خَيْرٌ لِّمَنْ اٰمَنَ وَعَمِلَ صَالِحًا ۚ

अच्छा	और उस ने अ़मल किया	ईमान लाया	उस के लिए जो	बेहतर	अल्लाह का सवाब	अफ़्सोस तुम पर	दिया गया था इल्म

وَلَا يُلَقّٰىهَآ اِلَّا الصّٰبِرُوْنَ ﴿٨٠﴾ فَخَسَفْنَا بِهٖ وَبِدَارِهِ الْاَرْضَ ۖ

ज़मीन	और उस के घर को	उस को	फिर हम ने धंसा दिया	80	सब्र करने वाले	सिवाए	और वह नसीब नहीं होता

فَمَا كَانَ لَهٗ مِنْ فِئَةٍ يَّنْصُرُوْنَهٗ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ ۗ وَمَا كَانَ مِنَ

से	और न हुआ वह	अल्लाह के सिवा	मदद करती उस की	कोई जमाअ़त	उस के लिए	सो न हुई

الْمُنْتَصِرِيْنَ ﴿٨١﴾ وَاَصْبَحَ الَّذِيْنَ تَمَنَّوْا مَكَانَهٗ بِالْاَمْسِ يَقُوْلُوْنَ

कहने लगे	कल	उस का मुक़ाम	तमन्ना करते थे	जो लोग	और सुबह के वक़्त	81	बदला लेने वाले

وَيْكَاَنَّ اللّٰهَ يَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَآءُ مِنْ عِبَادِهٖ وَيَقْدِرُ ۚ

और तंग कर देता है	अपने बन्दे	से	जिस के लिए चाहे	रिज़्क़	फ़राख़ कर देता है	अल्लाह	हाए शामत

لَوْلَآ اَنْ مَّنَّ اللّٰهُ عَلَيْنَا لَخَسَفَ بِنَا ؕ وَيْكَاَنَّهٗ لَا يُفْلِحُ

फ़लाह नहीं पाते	हाए शामत	अलबत्ता हमें धंसा देता	हम पर	एहसान करता अल्लाह	यह कि	अगर न

الْكٰفِرُوْنَ ﴿٨٢﴾ تِلْكَ الدَّارُ الْاٰخِرَةُ نَجْعَلُهَا لِلَّذِيْنَ ع ٨ ١١

उन लोगों के लिए जो	हम करते हैं उसे	आख़िरत का घर	यह	82	काफ़िर (जमा)

لَا يُرِيْدُوْنَ عُلُوًّا فِي الْاَرْضِ وَلَا فَسَادًا ؕ وَالْعَاقِبَةُ لِلْمُتَّقِيْنَ ﴿٨٣﴾

83	परहेज़गारों के लिए	और अन्जाम (नेक)	और न फ़साद	ज़मीन में	बड़ाई	वह नहीं चाहते

مَنْ جَآءَ بِالْحَسَنَةِ فَلَهٗ خَيْرٌ مِّنْهَا ۚ وَمَنْ جَآءَ بِالسَّيِّئَةِ

बुराई के साथ	आया	और जो	उस से बेहतर	तो उस के लिए	नेकी के साथ	जो आया

فَلَا يُجْزَى الَّذِيْنَ عَمِلُوا السَّيِّاٰتِ اِلَّا مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿٨٤﴾

84	वह करते थे	जो	मगर-सिवा	उन्हों ने बुरे काम किए	उन लोगों को जिन्हों ने	तो बदला न मिलेगा

कहने लगा यह तो एक इल्म की वजह से मुझे दिया गया है जो मेरे पास है, क्या वह नहीं जानता? कि उस से क़ब्ल अल्लाह ने कितनी जमाअ़तों को हलाक कर दिया है, जो उस से ज़ियादा सख़्त थीं कुव्वत में, और ज़ियादा थीं जमियत में, उन के गुनाहों की बाबत सवाल न किया जाएगा मुजरिमों से। (78)

फिर वह (क़ारून) अपनी क़ौम के सामने ज़ेब ओ ज़ीनत के साथ निकला तो उन लोगों ने कहा जो तालिब थे दुनिया की ज़िन्दगी के, जो क़ारून को दिया गया है, ऐ काश ऐसा हमारे पास (भी) होता, बेशक वह बड़ा नसीब वाला है। (79)

और जिन लोगों को इल्म दिया गया था उन्हों ने कहा अफ़्सोस है तुम पर! अल्लाह का सवाब (अजर) बेहतर है उस के लिए जो ईमान लाया और उस ने अच्छा अ़मल किया और वह सब्र करने वालों के सिवा (किसी को) नसीब नहीं होता। (80)

फिर हम ने उस को और उस के घर को ज़मीन में धंसा दिया, सो उस के लिए कोई जमाअ़त न हुई जो अल्लाह के सिवा (अल्लाह से बचाने में) उस की मदद करती और न वह (ख़ुद) हुआ बदला लेने वालों में से। (81)

और कल तक जो लोग उस के मुक़ाम की तमन्ना करते थे, सुब्ह के वक़्त कहने लगे हाए शामत! अपने बन्दों में से अल्लाह जिस के लिए चाहे रिज़्क़ फ़राख़ कर देता है और (जिस के लिए चाहे) तंग कर देता है, अगर अल्लाह हम पर एहसान न करता तो अलबत्ता हमें (भी) धंसा देता, हाए शामत! काफ़िर फ़लाह (दो जहान की कामयाबी) नहीं पाते। (82)

यह आख़िरत का घर है, हम उन लोगों के लिए तैयार करते हैं जो नहीं चाहते ज़मीन (मुल्क) में बड़ाई और न फ़साद, और नेक अन्जाम परहेज़गारों के लिए है। (83)

जो नेकी के साथ आया उस के लिए उस से बेहतर (सिला) है और जो बुराई के साथ आया, तो उन लोगों को जिन्हों ने बुरे अ़मल किए उस के सिवा बदला न मिलेगा जो वह करते थे। (84)

اِنَّ الَّذِیْ فَرَضَ عَلَیْكَ الْقُرْاٰنَ لَرَآدُّكَ اِلٰی مَعَادٍ ؕ

सब से अच्छी लौटने की जगह	ज़रूर फेर लाएगा तुम्हें	कुरआन	तुम पर	लाज़िम किया	वह (अल्लाह) जिस ने	बेशक

قُلْ رَّبِّیْۤ اَعْلَمُ مَنْ جَآءَ بِالْهُدٰی وَمَنْ هُوَ فِیْ

में	और वह कौन	हिदायत के साथ	आया	कौन	खूब जानता है	मेरा रब	फ़रमादें

ضَلٰلٍ مُّبِیْنٍ ﴿۸۵﴾ وَمَا كُنْتَ تَرْجُوْۤا اَنْ یُّلْقٰۤی اِلَیْكَ الْكِتٰبُ

किताब	तुम्हारी तरफ़	कि उतारी जाएगी	उम्मीद रखते	और तुम न थे	85	खुली गुमराही

اِلَّا رَحْمَةً مِّنْ رَّبِّكَ فَلَا تَكُوْنَنَّ ظَهِیْرًا لِّلْكٰفِرِیْنَ ﴿۸۶﴾ ز

86	काफ़िरों के लिए	मददगार	सो तुम हरगिज़ न होना	तुम्हारा रब	से	रहमत	मगर

وَلَا یَصُدُّنَّكَ عَنْ اٰیٰتِ اللّٰهِ بَعْدَ اِذْ اُنْزِلَتْ اِلَیْكَ

तुम्हारी तरफ़	नाज़िल किए गए	जबकि	बाद	अल्लाह के अहकाम	से	और वह तुम्हें हरगिज़ न रोकें

وَادْعُ اِلٰی رَبِّكَ وَلَا تَكُوْنَنَّ مِنَ الْمُشْرِكِیْنَ ﴿۸۷﴾ ج وَلَا تَدْعُ

और न पुकारो तुम	87	मुश्‍रिकीन	से	और तुम हरगिज़ न होना	अपने रब की तरफ़	और आप बुलाएं

وقف لازم

مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ ۘ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۟ قف كُلُّ شَیْءٍ هَالِكٌ اِلَّا

सिवा	फ़ना होने वाली	हर चीज़	उस के सिवा	नहीं कोई माबूद	दूसरा	कोई माबूद	अल्लाह के सिवा

ع ۹ ٦ ١٢ الثلثة

وَجْهَهٗ ؕ لَهُ الْحُكْمُ وَاِلَیْهِ تُرْجَعُوْنَ ﴿۸۸﴾ ع

88	तुम लौट कर जाओगे	और उस की तरफ़	हुक्म	उसी के लिए-का	उस की ज़ात

آیَاتُهَا ٦٩ ❀ سُوْرَةُ الْعَنْكَبُوْتِ (٢٩) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٧

रुकुआत 7	(29) सूरतुल अन्कबूत मकड़ी	आयात 69

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓمّٓ ﴿۱﴾ ج اَحَسِبَ النَّاسُ اَنْ یُّتْرَكُوْۤا اَنْ یَّقُوْلُوْۤا اٰمَنَّا وَهُمْ

और वह	हम ईमान लाए	उन्हों ने कह दिया	कि	कि वह छोड़ दिए जाएंगे	लोग	क्या गुमान किया है	1	अलिफ़ लाम मीम

لَا یُفْتَنُوْنَ ﴿۲﴾ وَلَقَدْ فَتَنَّا الَّذِیْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ فَلَیَعْلَمَنَّ اللّٰهُ

तो ज़रूर मालूम करेगा अल्लाह	उन से पहले	वह लोग जो	और अलबत्ता हम ने आज़माया	2	वह न आज़माए जाएंगे

الَّذِیْنَ صَدَقُوْا وَلَیَعْلَمَنَّ الْكٰذِبِیْنَ ﴿۳﴾ اَمْ حَسِبَ الَّذِیْنَ

वह लोग जो	क्या गुमान किया है	3	झूटे	और वह ज़रूर मालूम करलेगा	सच्चे हैं	वह लोग जो

یَعْمَلُوْنَ السَّیِّاٰتِ اَنْ یَّسْبِقُوْنَا ؕ سَآءَ مَا یَحْكُمُوْنَ ﴿۴﴾ مَنْ

जो	4	जो वह फ़ैसला कर रहे हैं	बुरा है	वह हम से बाहर बच निकलेंगे	कि	बुरे काम	करते हैं

كَانَ یَرْجُوْا لِقَآءَ اللّٰهِ فَاِنَّ اَجَلَ اللّٰهِ لَاٰتٍ ؕ وَهُوَ السَّمِیْعُ الْعَلِیْمُ ﴿۵﴾

5	जानने वाला	सुनने वाला	और वह	ज़रूर आने वाला	अल्लाह का वादा	तो बेशक	अल्लाह से मुलाक़ात की	वह उम्मीद रखता है

बेशक जिस अल्लाह ने तुम पर कुरआन (पर अ़मल और तब्लीग़) को लाज़िम किया है वह तुम्हें ज़रूर सब से अच्छी लौटने की जगह फेर लाएगा, आप (स) फ़रमा दें मेरा रब खूब जानता है कि कौन हिदायत के साथ आया और कौन खुली गुमराही में है। (85) और तुम न थे उम्मीद रखते कि तुम्हारी तरफ़ किताब उतारी जाएगी, मगर तुम्हारे रब की रहमत से (नुज़ूल हुआ), सो तुम हरगिज़ हरगिज़ न होना काफ़िरों के लिए मददगार। (86) और वह तुम्हें हरगिज़ अल्लाह के अहकाम से न रोकें, उस के बाद जबकि नाज़िल किए गए तुम्हारी तरफ़, और आप (स) अपने रब की तरफ़ बुलाएं, और हरगिज़ मुश्‍रिकों में से न होना। (87) और अल्लाह के साथ न पुकारो कोई दूसरा माबूद, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, उस की ज़ात के सिवा हर चीज़ फ़ना होने वाली है, उसी का हुक्म है और उसी की तरफ़ तुम लौट कर जाओगे। (88)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

अलिफ़-लाम-मीम। (1) क्या लोगों ने गुमान कर लिया है कि वह (इतने पर) छोड़ दिए जाएंगे कि उन्हों ने कह दिया कि हम ईमान ले आए हैं, और वह न आज़माए जाएंगे। (2) और अलबत्ता हम ने उन से पहले लोगों को आज़माया, तो अल्लाह ज़रूर मालूम कर लेगा उन लोगों को जो सच्चे हैं, और ज़रूर मालूम कर लेगा झूटों को। (3) जो लोग बुरे काम करते हैं क्या उन्हों ने गुमान किया है कि वह हम से बाहर बच निकलेंगे? बुरा है जो वह फ़ैसला (ख़याल) कर रहे हैं। (4) जो कोई अल्लाह से मुलाक़ात (मिलने) की उम्मीद रखता है तो बेशक अल्लाह का वादा ज़रूर आने वाला है और वह सुनने वाला, जानने वाला। (5)

وَمَنْ جٰهَدَ فَاِنَّمَا يُجَاهِدُ لِنَفْسِهٖ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَغَنِيٌّ عَنِ

से	अलबत्ता बेनियाज़	बेशक अल्लाह	अपनी ज़ात के लिए	कोशिश करता है वह	तो सिर्फ़	कोशिश करता है	और जो

الْعٰلَمِيْنَ ﴿٦﴾ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَنُكَفِّرَنَّ

अलबत्ता हम ज़रूर दूर कर देंगे	और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए	ईमान लाए	और जो लोग	6	जहान वाले

عَنْهُمْ سَيِّاٰتِهِمْ وَلَنَجْزِيَنَّهُمْ اَحْسَنَ الَّذِيْ كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿٧﴾

7	वह करते थे	वह जो	ज़ियादा बेहतर	और हम ज़रूर जज़ा देंगे उन्हें	उन की बुराइयां	उन से

وَوَصَّيْنَا الْاِنْسَانَ بِوَالِدَيْهِ حُسْنًا ؕ وَاِنْ جٰهَدٰكَ

तुझ से कोशिश करें	और अगर	हुस्ने सुलूक का	माँ बाप से	इन्सान	और हम ने हुक्म दिया

لِتُشْرِكَ بِيْ مَا لَيْسَ لَكَ بِهٖ عِلْمٌ فَلَا تُطِعْهُمَا ؕ

तो कहा न मान उन का	उस का कोई इल्म	तुझे	जिस का नहीं	कि तू शरीक ठहराए मेरा

اِلَيَّ مَرْجِعُكُمْ فَاُنَبِّئُكُمْ بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٨﴾ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

वह ईमान लाए	और जो लोग	8	तुम करते थे	वह जो	तो मैं ज़रूर बतलाऊँगा तुम्हें	मेरी तरफ़ तुम्हें लौट कर आना

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَنُدْخِلَنَّهُمْ فِي الصّٰلِحِيْنَ ﴿٩﴾ وَمِنَ

और से-कुछ	9	नेक बन्दों में	हम उन्हें ज़रूर दाख़िल करेंगे	अच्छे	और उन्हों ने अ़मल किए

النَّاسِ مَنْ يَّقُوْلُ اٰمَنَّا بِاللّٰهِ فَاِذَآ اُوْذِيَ فِي اللّٰهِ جَعَلَ

बना लिया	अल्लाह की (राह) में	सताए गए	फिर जब	अल्लाह पर	हम ईमान लाए	जो कहते हैं	लोग

فِتْنَةَ النَّاسِ كَعَذَابِ اللّٰهِ ؕ وَلَئِنْ جَآءَ نَصْرٌ مِّنْ رَّبِّكَ

तुम्हारे रब से	कोई मदद	आए	और अगर	जैसे अ़ज़ाब अल्लाह का	लोग	सताना

لَيَقُوْلُنَّ اِنَّا كُنَّا مَعَكُمْ ؕ اَوَلَيْسَ اللّٰهُ بِاَعْلَمَ بِمَا فِيْ صُدُوْرِ

सीनों (दिल) में	वह जो	ख़ूब जानने वाला	क्या नहीं है अल्लाह	तुम्हारे साथ	बेशक हम थे	तो वह ज़रूर कहते हैं

الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٠﴾ وَلَيَعْلَمَنَّ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَلَيَعْلَمَنَّ

और अलबत्ता ज़रूर मालूम करेगा	ईमान लाए	वह लोग जो	और अलबत्ता ज़रूर मालूम करेगा अल्लाह	10	जहान वाले

الْمُنٰفِقِيْنَ ﴿١١﴾ وَقَالَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّبِعُوْا

तुम चलो	उन लोगों को जो ईमान लाए	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और कहा	11	मुनाफ़िक़ (जमा)

سَبِيْلَنَا وَلْنَحْمِلْ خَطٰيٰكُمْ ؕ وَمَا هُمْ بِحٰمِلِيْنَ مِنْ خَطٰيٰهُمْ

उन के गुनाह	से	उठाने वाले	हालांकि वह नहीं	तुम्हारे गुनाह	और हम उठा लेंगे	हमारी राह

مِّنْ شَيْءٍ ؕ اِنَّهُمْ لَكٰذِبُوْنَ ﴿١٢﴾ وَلَيَحْمِلُنَّ اَثْقَالَهُمْ وَاَثْقَالًا مَّعَ

साथ	और बहुत से बोझ	अपने बोझ	और वह अलबत्ता ज़रूर उठायेंगे	12	अलबत्ता झूटे	बेशक वह	कुछ

اَثْقَالِهِمْ ۫ وَلَيُسْـَٔلُنَّ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ عَمَّا كَانُوْا يَفْتَرُوْنَ ﴿١٣﴾ ع ١٣ ١٣

13	वह झूट घड़ते थे	उस से जो	क़ियामत के दिन	और अलबत्ता उन से ज़रूर बाज़ पुर्स होगी	अपने बोझ

और जो कोई कोशिश करता है तो सिर्फ़ अपनी ज़ात के लिए कोशिश करता है। बेशक अल्लाह अलबत्ता जहान वालों से बेनियाज़ है। (6)
और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए अलबत्ता हम ज़रूर उन से उन की बुराइयां दूर कर देंगे, और हम ज़रूर उन्हें (उन के आमाल की) ज़ियादा बेहतर जज़ा देंगे जो वह करते थे। (7)
और हम ने इन्सान को माँ बाप से हुस्ने सुलूक का हुक्म दिया है, और अगर वह तुझ से कोशिश करें (ज़ोर डालें) कि तू (किसी को) मेरा शरीक ठहराए जिस का तुझे कोई इल्म नहीं, तो उन का कहा न मान, तुम्हें मेरी तरफ़ लौट कर आना है, तो मैं तुम्हें ज़रूर बतलाऊँगा वह जो तुम करते थे। (8)
और जो लोग ईमान लाए, और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए, हम उन्हें ज़रूर नेक बन्दों में दाख़िल करेंगे। (9)
और कुछ लोग कहते हैं, हम अल्लाह पर ईमान लाए, फिर जब अल्लाह की राह में सताए गए तो उन्हों ने लोगों के सताने को बना लिया (समझ लिया) जैसे अल्लाह का अ़ज़ाब हो, और अगर तुम्हारे रब की तरफ़ से कोई मदद आए तो (उस वक़्त) वह ज़रूर कहते हैं बेशक हम तुम्हारे साथ हैं, क्या अल्लाह ख़ूब जानने वाला नहीं जो दुनिया जहान वालों के दिल में है। (10)
और अल्लाह ज़रूर मालूम करेगा उन लोगों को जो ईमान लाए और ज़रूर मालूम करेगा मुनाफ़िक़ों को। (11)
और काफ़िरों ने ईमान लाने वालों को कहाः तुम हमारी राह चलो, और हम तुम्हारे गुनाह उठा लेंगे, हालांकि वह उन के गुनाह उठाने वाले नहीं कुछ भी, बेशक वह झूटे हैं। (12)
और वह अलबत्ता ज़रूर अपने बोझ उठायेंगे और बहुत से बोझ अपने बोझ के साथ, और क़ियामत के दिन अलबत्ता उन से ज़रूर उस (के बारे में) बाज़ पुर्स होगी जो वह झूट घड़ते थे। (13)

وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا نُوْحًا اِلٰى قَوْمِهٖ فَلَبِثَ فِيْهِمْ اَلْفَ سَنَةٍ

हज़ार साल	उन में	तो वह रहे	उस की क़ौम की तरफ़	नूह (अ) को	और बेशक हम ने भेजा

اِلَّا خَمْسِيْنَ عَامًا ؕ فَاَخَذَهُمُ الطُّوْفَانُ وَهُمْ ظٰلِمُوْنَ ﴿١٤﴾

14	ज़ालिम थे	और वह	तूफ़ान	फिर उन्हें आ पकड़ा	साल	पचास	मगर कम

فَاَنْجَيْنٰهُ وَاَصْحٰبَ السَّفِيْنَةِ وَجَعَلْنٰهَآ اٰيَةً لِّلْعٰلَمِيْنَ ﴿١٥﴾

15	जहान वालों के लिए	एक निशानी	और उसे बनाया	और कश्ती वालों को	फिर हम ने उसे बचा लिया

وَاِبْرٰهِيْمَ اِذْ قَالَ لِقَوْمِهِ اعْبُدُوا اللّٰهَ وَاتَّقُوْهُ ؕ ذٰلِكُمْ

यह	और उस से डरो	तुम इबादत करो अल्लाह की	अपनी क़ौम को	जब उस ने कहा	और इब्राहीम (अ)

خَيْرٌ لَّكُمْ اِنْ كُنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ﴿١٦﴾ اِنَّمَا تَعْبُدُوْنَ مِنْ

से	तुम परस्तिश करते हो	इस के सिवा नहीं	16	तुम जानते हो	अगर	बेहतर तुम्हारे लिए

دُوْنِ اللّٰهِ اَوْثَانًا وَّتَخْلُقُوْنَ اِفْكًا ؕ اِنَّ الَّذِيْنَ تَعْبُدُوْنَ

परस्तिश करते हो	वह जिन की तुम	बेशक	झूट	और तुम घड़ते हो	बुतों की	अल्लाह के सिवा

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ لَا يَمْلِكُوْنَ لَكُمْ رِزْقًا فَابْتَغُوْا

पस तुम तलाश करो	रिज़्क़ के	तुम्हारे लिए	वह मालिक नहीं	अल्लाह के सिवा

عِنْدَ اللّٰهِ الرِّزْقَ وَاعْبُدُوْهُ وَاشْكُرُوْا لَهٗ ؕ اِلَيْهِ

उस की तरफ़	उस का	और शुक्र करो	और उस की इबादत करो	रिज़्क़	अल्लाह के पास

تُرْجَعُوْنَ ﴿١٧﴾ وَاِنْ تُكَذِّبُوْا فَقَدْ كَذَّبَ اُمَمٌ

बहुत सी उम्मतें	तो झुटला चुकी हैं	तुम झुटलाओगे	और अगर	17	तुम्हें लौट कर जाना है

مِّنْ قَبْلِكُمْ ؕ وَمَا عَلَى الرَّسُوْلِ اِلَّا الْبَلٰغُ الْمُبِيْنُ ﴿١٨﴾

18	साफ़ तौर पर	पहुँचा देना	मगर	रसूल	पर (ज़िम्मे)	और नहीं	तुम से पहली

اَوَلَمْ يَرَوْا كَيْفَ يُبْدِئُ اللّٰهُ الْخَلْقَ ثُمَّ يُعِيْدُهٗ ؕ

फिर दोबारा पैदा करेगा उस को	पैदाइश	इब्तिदा करता है अल्लाह	कैसे	देखा उन्हों ने	क्या नहीं

اِنَّ ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ يَسِيْرٌ ﴿١٩﴾ قُلْ سِيْرُوْا فِى الْاَرْضِ

ज़मीन में	चलो फिरो	फ़रमा दें	19	आसान	अल्लाह पर	यह	बेशक

فَانْظُرُوْا كَيْفَ بَدَاَ الْخَلْقَ ثُمَّ اللّٰهُ يُنْشِئُ

उठाएगा	अल्लाह	फिर	पैदाइश	कैसे इब्तिदा की	फिर देखो तुम

النَّشْاَةَ الْاٰخِرَةَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرٌ ۚ ﴿٢٠﴾

20	क़ुदरत रखने वाला	हर शै	पर	बेशक अल्लाह	आख़री (दूसरी)	उठान

يُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ وَيَرْحَمُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاِلَيْهِ تُقْلَبُوْنَ ﴿٢١﴾

21	तुम लौटाए जाओगे	और उसी की तरफ़	जिस पर चाहे	और रहम फ़रमाता है	जिस को चाहे	वह अ़ज़ाब देता है

बेशक हम ने नूह (अ) को उस की क़ौम की तरफ़ भेजा, तो वह उन में पचास साल कम हज़ार बरस रहे, फिर उन्हें (क़ौमे नूह अ को) तूफ़ान ने आ पकड़ा, और वह ज़ालिम थे। (14)

फिर हम ने उसे और कश्ती वालों को बचा लिया और उस (कश्ती) को जहान वालों के लिए एक निशानी बनाया। (15)

और याद करो जब इब्राहीम (अ) ने अपनी क़ौम को कहा तुम अल्लाह की इबादत करो और उस से डरो, यह तुम्हारे लिए बेहतर है अगर तुम जानते हो। (16)

इस के सिवा नहीं कि तुम परस्तिश करते हो अल्लाह के सिवा बुतों की, और तुम झूट घड़ते हो, बेशक अल्लाह के सिवा तुम जिन की परस्तिश करते हो वह तुम्हारे लिए रिज़्क़ के मालिक नहीं, पस तुम अल्लाह के पास (से) रिज़्क़ तलाश करो, और तुम उस की इबादत करो और उस का शुक्र करो, और उसी की तरफ़ तुम को लौट कर जाना है। (17)

और अगर तुम झुटलाओगे तो झुटला चुकी हैं बहुत सी उम्मतें तुम से पहली (भी), और रसूल (स) के ज़िम्मे नहीं मगर साफ़ तौर पर पहुँचा देना। (18)

क्या उन्हों ने नहीं देखा कैसे अल्लाह पैदाइश की इब्तिदा करता है! फिर दोबारा उस को पैदा करेगा, बेशक अल्लाह पर यह आसान है। (19)

आप (स) फ़रमा दें (दुनिया में) चलो फिरो, फिर देखो उस ने कैसी पैदाइश की इब्तिदा की फिर अल्लाह उठाएगा दूसरी उठान (दूसरी बार), बेशक अल्लाह हर शै पर क़ुदरत रखने वाला है। (20)

वह जिस को चाहे अ़ज़ाब देता है और जिस पर चाहे रहम फ़रमाता है और उसी की तरफ़ तुम लौटाए जाओगे। (21)

وَمَآ اَنْتُمْ بِمُعْجِزِيْنَ فِى الْاَرْضِ وَلَا فِى السَّمَآءِ ۫ وَمَا

और नहीं	आस्मान में	और न	ज़मीन में	आजिज़ करने वाले	और न हो तुम

لَكُمْ مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ مِنْ وَّلِىٍّ وَّلَا نَصِيْرٍ ﴿٢٢﴾ وَالَّذِيْنَ ع ٢ ٩ ١٤

और वह लोग जिन्हों ने	22	कोई मददगार	और न	कोई हिमायती	अल्लाह के सिवा	तुम्हारे लिए

كَفَرُوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَلِقَآئِهٖٓ اُولٰٓئِكَ يَئِسُوْا مِنْ رَّحْمَتِىْ

मेरी रहमत से	वह नाउम्मीद हुए	यही हैं	और उस की मुलाक़ात	अल्लाह की निशानियों का	इन्कार किया

وَاُولٰٓئِكَ لَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ﴿٢٣﴾ فَمَا كَانَ جَوَابَ قَوْمِهٖٓ

उस की क़ौम	जवाब	सो न था	23	दर्दनाक	अज़ाब	उन के लिए	और यही हैं

اِلَّآ اَنْ قَالُوا اقْتُلُوْهُ اَوْ حَرِّقُوْهُ فَاَنْجٰىهُ اللّٰهُ مِنَ النَّارِ ؕ

आग से	सो बचा लिया उस को अल्लाह	जला दो उस को	या	क़त्ल करो उस को	उन्हों ने कहा	सिवाए यह कि

اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يُّؤْمِنُوْنَ ﴿٢٤﴾ وَقَالَ اِنَّمَا اتَّخَذْتُمْ

तुम ने बना लिए	और (इब्राहीम अ ने) कहा इस के सिवा नहीं	24	जो ईमान रखते हैं	उन लोगों के लिए	निशानियां हैं	इस में	बेशक

مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ اَوْثَانًا ۙ مَّوَدَّةَ بَيْنِكُمْ فِى الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۚ

दुनिया की ज़िन्दगी में	अपने दरमियान (आपस में)	दोस्ती	बुत (जमा)	अल्लाह के सिवा

ثُمَّ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ يَكْفُرُ بَعْضُكُمْ بِبَعْضٍ

बाज़ (दूसरे) का	तुम में से बाज़ (एक)	काफ़िर (मुख़ालिफ़) हो जाएगा	क़ियामत के दिन	फिर

وَّيَلْعَنُ بَعْضُكُمْ بَعْضًا ۫ وَّمَاْوٰىكُمُ النَّارُ وَمَا لَكُمْ

और नहीं तुम्हारे लिए	जहन्नम	और तुम्हारा ठिकाना	बाज़ (दूसरे) का	तुम में से बाज़ (एक)	और लानत करेगा

مِّنْ نّٰصِرِيْنَ ﴿٢٥﴾ فَاٰمَنَ لَهٗ لُوْطٌ ۘ وَقَالَ اِنِّىْ مُهَاجِرٌ وقف لازم

हिज्रत करने वाला	बेशक मैं	और उस ने कहा	लूत (अ)	उस पर	पस ईमान लाया	25	कोई मददगार

اِلٰى رَبِّىْ ؕ اِنَّهٗ هُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٢٦﴾ وَوَهَبْنَا لَهٗٓ اِسْحٰقَ

इस्हाक़ (अ)	उस को	और हम ने अता फ़रमाए	26	हिक्मत वाला	ज़बरदस्त ग़ालिब	वह	बेशक वह	अपने रब की तरफ़

وَيَعْقُوْبَ وَجَعَلْنَا فِىْ ذُرِّيَّتِهِ النُّبُوَّةَ وَالْكِتٰبَ

और किताब	नुबुव्वत	उस की औलाद में	और हम ने रखी	और याकूब (अ)

وَاٰتَيْنٰهُ اَجْرَهٗ فِى الدُّنْيَا ۚ وَاِنَّهٗ فِى الْاٰخِرَةِ

आख़िरत में	और बेशक वह	दुनिया में	उस का अजर	और हम ने दिया उस को

لَمِنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿٢٧﴾ وَلُوْطًا اِذْ قَالَ لِقَوْمِهٖٓ اِنَّكُمْ لَتَاْتُوْنَ

तुम करते हो	बेशक तुम	अपनी क़ौम को	(याद करो) जब उस ने कहा	और लूत (अ)	27	अलबत्ता नेकोकारों में से

الْفَاحِشَةَ ۡ مَا سَبَقَكُمْ بِهَا مِنْ اَحَدٍ مِّنَ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٢٨﴾

28	जहान वाले	से	किसी ने	उस को	नहीं पहले किया तुम से	बेहयाई

और तुम ज़मीन में आजिज़ करने वाले नहीं और न आस्मान में, और तुम्हारे लिए अल्लाह के सिवा न कोई हिमायती है और न कोई मददगार। (22)

और जिन लोगों ने अल्लाह की निशानियों का और उस की मुलाक़ात का इन्कार किया यही लोग मेरी रहमत से नाउम्मीद हुए, और यही हैं जिन के लिए अज़ाब है दर्दनाक। (23)

सो उस की क़ौम का जवाब इस के सिवा न था कि उसे क़त्ल कर डालो या उस को जला दो, सो अल्लाह ने उस को आग से बचा लिया। बेशक उस में उन लोगों के लिए निशानियां हैं जो ईमान रखते हैं। (24)

और इब्राहीम (अ) ने कहाः बेशक तुम ने अल्लाह के सिवा बुतों को दुनिया की ज़िन्दगी में आपस की दोस्ती (की वजह) बना लिए हो, फिर क़ियामत के दिन तुम में से एक दूसरे का मुक़ालिफ़ हो जाएगा और तुम में से एक दूसरे पर लानत (मलामत) करेगा, और तुम्हारा ठिकाना जहन्नम है, और तुम्हारे लिए कोई मददगार नहीं। (25)

पस उस पर लूत (अ) ईमान लाया और उस ने कहा बेशक मैं अपने रब की तरफ़ हिज्रत करने वाला (वतन छोड़ने वाला हूँ), बेशक वही ग़ालिब हिक्मत वाला है। (26)

और हम ने उस (इब्राहीम अ) को अता फ़रमाए इस्हाक़ (अ) और याकूब (अ) और हम ने उस की औलाद में नुबुव्वत और किताब रखी, और हम ने उस को उस का अजर दिया दुनिया में और बेशक वह आख़िरत में अलबत्ता नेकोकारों में से है। (27)

और (हम ने भेजा) लूत (अ) को, याद करो जब उस ने कहा अपनी क़ौम को, बेशक तुम बेहयाई का (ऐसा काम) करते हो जो तुम से पहले जहान वालों में से किसी ने नहीं किया। (28)

اَئِنَّكُمْ لَتَاْتُوْنَ الرِّجَالَ وَتَقْطَعُوْنَ السَّبِيْلَ ۙ وَتَاْتُوْنَ

और तुम करते हो	राह	और मारते हो	मर्द (जमा)	अलबत्ता तुम करते हो	क्या तुम वाक़ई

فِيْ نَادِيْكُمُ الْمُنْكَرَ ۭ فَمَا كَانَ جَوَابَ قَوْمِهٖٓ اِلَّآ اَنْ قَالُوا

उन्हों ने कहा	कि	सिवाए	उस की क़ौम का जवाब	सो न था	नाशाइस्ता हरकात	अपनी महफ़िलों में

ائْتِنَا بِعَذَابِ اللّٰهِ اِنْ كُنْتَ مِنَ الصّٰدِقِيْنَ ﴿٢٩﴾ قَالَ رَبِّ

ऐ मेरे रब	कहा	29	सच्चे लोग	से	अगर तू है	अल्लाह का अ़ज़ाब	ले आ हम पर

ع ٣ ٨ ١٥

انْصُرْنِيْ عَلَى الْقَوْمِ الْمُفْسِدِيْنَ ﴿٣٠﴾ وَلَمَّا جَاۗءَتْ رُسُلُنَآ

हमारे भेजे हुए (फ़रिश्ते)	आए	और जब	30	मुफ़्सिद (जमा)	क़ौम-लोग	पर	मेरी मदद फ़रमा

اِبْرٰهِيْمَ بِالْبُشْرٰى ۙ قَالُوْٓا اِنَّا مُهْلِكُوْٓا اَهْلِ هٰذِهِ الْقَرْيَةِ ۚ

उस बस्ती	लोग	हलाक करने वाले	बेशक हम	उन्हों ने कहा	ख़ुशख़बरी ले कर	इब्राहीम (अ)

اِنَّ اَهْلَهَا كَانُوْا ظٰلِمِيْنَ ﴿٣١﴾ قَالَ اِنَّ فِيْهَا

बेशक उस में	इब्राहीम (अ) ने कहा	31	ज़ालिम (बड़े शरीर) हैं	उस के लोग	बेशक

لُوْطًا ۭ قَالُوْا نَحْنُ اَعْلَمُ بِمَنْ فِيْهَا ۡ لَنُنَجِّيَنَّهٗ وَاَهْلَهٗٓ

और उस के घर वाले	अलबत्ता हम बचा लेंगे उस को	उस को जो उस में	ख़ूब जानते हैं	हम	वह बोले	लूत (अ)

اِلَّا امْرَاَتَهٗ ڭ كَانَتْ مِنَ الْغٰبِرِيْنَ ﴿٣٢﴾ وَلَمَّآ اَنْ جَاۗءَتْ

आए	कि	और जब	32	पीछे रह जाने वाले	से	वह है	उस की बीवी	सिवा

رُسُلُنَا لُوْطًا سِيْۗءَ بِهِمْ وَضَاقَ بِهِمْ ذَرْعًا وَّقَالُوْا

और वह बोले	दिल में	उन से	और तंग हुआ	उन से	परेशान हुआ	लूत (अ) के पास	हमारे फ़रिश्ते

لَا تَخَفْ وَلَا تَحْزَنْ ۣ اِنَّا مُنَجُّوْكَ وَاَهْلَكَ اِلَّا

सिवा	और तेरे घर वाले	बेशक हम बचाने वाले हैं तुझे	और न ग़म खाओ	डरो नहीं तुम

امْرَاَتَكَ كَانَتْ مِنَ الْغٰبِرِيْنَ ﴿٣٣﴾ اِنَّا مُنْزِلُوْنَ عَلٰٓي اَهْلِ

लोग	पर	नाज़िल करने वाले	बेशक हम	33	पीछे रह जाने वाले	से	वह है	तेरी बीवी

هٰذِهِ الْقَرْيَةِ رِجْزًا مِّنَ السَّمَاۗءِ بِمَا كَانُوْا يَفْسُقُوْنَ ﴿٣٤﴾

34	वह बदकारी करते थे	इस वजह से कि	आस्मान से	अ़ज़ाब	इस बस्ती

وَلَقَدْ تَّرَكْنَا مِنْهَآ اٰيَةًۢ بَيِّنَةً لِّقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ ﴿٣٥﴾ وَاِلٰى مَدْيَنَ

और मदयन की तरफ़	35	वह अ़क़्ल रखते हैं	लोगों के लिए	कुछ वाज़ेह निशानी	उस से	और अलबत्ता हम ने छोड़ा

اَخَاهُمْ شُعَيْبًا ۙ فَقَالَ يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ وَارْجُوا

और उम्मीद वार रहो	तुम इबादत करो अल्लाह की	ऐ मेरी क़ौम	पस उस ने कहा	शुऐब (अ) को	उन का भाई

الْيَوْمَ الْاٰخِرَ وَلَا تَعْثَوْا فِي الْاَرْضِ مُفْسِدِيْنَ ﴿٣٦﴾

36	फ़साद करते हुए (मचाते)	ज़मीन में	और न फिरो	आख़िरत का दिन

क्या तुम वाक़ई मर्दों से (फ़ेले बद) करते हो, और राह मारते (डाके डालते) हो, और तुम अपनी महफ़िलों में करते हो नाशायस्ता हरकात, सो उस की क़ौम का जवाब इस के सिवा न था कि उन्हों ने कहा हम पर अल्लाह का अ़ज़ाब ले आ, अगर तू है सच्चे लोगों में से। **(29)**

लूत (अ) ने कहा ऐ मेरे रब! मुफ़्सिद लोगों पर मेरी मदद फ़रमा। **(30)**

और जब आए हमारे फ़रिश्ते इब्राहीम (अ) के पास ख़ुशख़बरी ले कर, उन्हों ने कहा बेशक हम उस बस्ती के लोगों को हलाक करने वाले हैं, बेशक उस (बस्ती) के लोग बड़े शरीर हैं। **(31)**

इब्राहीम (अ) ने कहा बेशक उस (बस्ती) में लूत (अ) (भी है), वह (फ़रिश्ते) बोले हम ख़ूब जानते हैं उस को जो उस (बस्ती) में हैं, अलबत्ता हम उस को और उस के घर वालों को ज़रूर बचा लेंगे सिवाए उस की बीवी, वह पीछे रह जाने वालों में से है। **(32)**

और जब हमारे फ़रिश्ते लूत (अ) के पास आए वह उन (के आने) से परेशान हुआ, उन की वजह से दिल तंग हुआ, और वह बोले डरो नहीं और ग़म न खाओ, बेशक हम तुझे और तेरे घर वालों को बचाने वाले हैं सिवाए तेरी बीवी के, वह पीछे रह जाने वालों में से है। **(33)**

बेशक हम इस बस्ती के लोगों पर आस्मान से अ़ज़ाब नाज़िल करने वाले हैं, इस वजह से कि वह बदकारी करते थे। **(34)**

और अलबत्ता हम ने उस (बस्ती) से कुछ वाज़ेह निशान उन लोगों के लिए छोड़े (बाक़ी रखे) जो अ़क़्ल रखते हैं। **(35)**

और मदयन (वालों) की तरफ़ उन के भाई शुऐब (अ) को भेजा पस उस ने कहा ऐ मेरी क़ौम! तुम अल्लाह की इबादत करो और आख़िरत के दिन के उम्मीद वार रहो, और ज़मीन में फ़साद मचाते न फिरो। **(36)**

فَكَذَّبُوْهُ فَاَخَذَتْهُمُ الرَّجْفَةُ فَاَصْبَحُوْا فِيْ دَارِهِمْ

अपने घर में	पस वह सुबह को हो गए	ज़ल्ज़ला	तो आ पकड़ा उन्हें	फिर उन्हों ने झुटलाया उस को

جٰثِمِيْنَ ﴿٣٧﴾ وَعَادًا وَّثَمُوْدَا۠ وَقَدْ تَّبَيَّنَ لَكُمْ مِّنْ مَّسٰكِنِهِمْ ۫

उन के रहने के मुक़ामात	तुम पर	वाज़ेह हो गए हैं	और तहक़ीक़	और समूद	और आ़द	37	औन्धे पड़े हुए

وَزَيَّنَ لَهُمُ الشَّيْطٰنُ اَعْمَالَهُمْ فَصَدَّهُمْ عَنِ السَّبِيْلِ

राह	से	फिर रोक दिया उन्हें	उन के आमाल	शैतान	उन के लिए	और भले कर दिखाए

وَكَانُوْا مُسْتَبْصِرِيْنَ ﴿٣٨﴾ۙ وَقَارُوْنَ وَفِرْعَوْنَ وَهَامٰنَ ۫ وَلَقَدْ جَآءَهُمْ

और अलबत्ता आए उन के पास	और हामान	और फ़िरऔन	और क़ारून	38	समझ बूझ वाले	हालांकि वह थे

مُّوْسٰى بِالْبَيِّنٰتِ فَاسْتَكْبَرُوْا فِي الْاَرْضِ وَمَا كَانُوْا

और वह न थे	ज़मीन (मुल्क) में	तो उन्हों ने तकब्बुर किया	खुली निशानियों के साथ	मूसा (अ)

سٰبِقِيْنَ ﴿٣٩﴾ۚ فَكُلًّا اَخَذْنَا بِذَنْۢبِهٖ ۚ فَمِنْهُمْ مَّنْ اَرْسَلْنَا عَلَيْهِ

उस पर	हम ने भेजी	जो	तो उन में से	उस के गुनाह पर	हम ने पकड़ा	पस हर एक	39	बच कर भाग निकलने वाले

حَاصِبًا ۚ وَمِنْهُمْ مَّنْ اَخَذَتْهُ الصَّيْحَةُ ۚ وَمِنْهُمْ مَّنْ خَسَفْنَا

हम ने धंसा दिया	जो	और उन में से	चिंघाड़	उस को पकड़ा	जो (बाज़)	और उन में से	पत्थरों की बारिश

بِهِ الْاَرْضَ ۚ وَمِنْهُمْ مَّنْ اَغْرَقْنَا ۚ وَمَا كَانَ اللّٰهُ لِيَظْلِمَهُمْ

ज़ुल्म करता उन पर	अल्लाह	और नहीं है	जो हम ने ग़र्क़ कर दिया	और उन में से	ज़मीन में	उस को

وَلٰكِنْ كَانُوْٓا اَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُوْنَ ﴿٤٠﴾ مَثَلُ الَّذِيْنَ اتَّخَذُوْا

बनाए	वह लोग जिन्हों ने	मिसाल	40	ज़ुल्म करते	खुद अपनी जानों पर	वह थे	और लेकिन (बल्कि)

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ اَوْلِيَآءَ كَمَثَلِ الْعَنْكَبُوْتِ ۚ اِتَّخَذَتْ بَيْتًا ؕ

एक घर	उस ने बनाया	मकड़ी	मानिंद	मददगार	अल्लाह के सिवा

وَاِنَّ اَوْهَنَ الْبُيُوْتِ لَبَيْتُ الْعَنْكَبُوْتِ ۘ لَوْ كَانُوْا يَعْلَمُوْنَ ﴿٤١﴾

وقف لازم

41	जानते	काश होते वह	मकड़ी का	घर है	घरों में	सब से कमज़ोर	और बेशक

اِنَّ اللّٰهَ يَعْلَمُ مَا يَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِهٖ مِنْ شَيْءٍ ؕ وَهُوَ

और वह	कोई चीज़	उस के सिवा	से	जो वह पुकारते हैं	जानता है	बेशक अल्लाह

الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٤٢﴾ وَتِلْكَ الْاَمْثَالُ نَضْرِبُهَا لِلنَّاسِ ۚ

लोगों के लिए	हम बयान करते हैं	मिसालें	और यह	42	हिक्मत वाला	ग़ालिब ज़बरदस्त

وَمَا يَعْقِلُهَآ اِلَّا الْعٰلِمُوْنَ ﴿٤٣﴾ خَلَقَ اللّٰهُ السَّمٰوٰتِ

आस्मान (जमा)	पैदा किए अल्लाह ने	43	जानने वाले	सिवा	और नहीं समझते उन्हें

وَالْاَرْضَ بِالْحَقِّ ؕ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً لِّلْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٤٤﴾ ع ١٤ ٤ ١٦

44	ईमान वालों के लिए	अलबत्ता निशानी	उस में	बेशक	हक़ के साथ	और ज़मीन

फिर उन्हों ने उस को झुटलाया तो उन को आ पकड़ा ज़ल्ज़ले ने, पस वह सुब्ह को अपने घरों में औन्धे पड़े रह गए। (37)

और (हम ने हलाक किया) आ़द और समूद को, और तहक़ीक़ तुम पर उन के रहने के मुक़ामात वाज़ेह हो गए हैं, और शैतान ने उन के आमाल उन के लिए (उन्हें) भले कर दिखाए फिर उस ने उन्हें राहे (हक़) से रोक दिया, हालांकि वह समझ बूझ वाले थे। (38)

और (हम ने हलाक किया) क़ारून और फ़िरऔन, और हामान को, और उन के पास मूसा (अ) खुली निशानियों के साथ आए तो उन्हों ने तकब्बुर किया मुल्क में और वह बच कर भाग निकलने वाले न थे। (39)

पस हम ने हर एक को उस के गुनाह पर पकड़ा तो उन में से (बाज़ वह हैं) जिन पर हम ने पत्थरों की बारिश भेजी, और उन में से बाज़ को चिंघाड़ ने आ पकड़ा, और उन में से बाज़ को हम ने ज़मीन में धंसा दिया, और उन में से बाज़ को हम ने ग़र्क़ कर दिया, और अल्लाह (ऐसा) नहीं कि उन पर ज़ुल्म करता बल्कि वह खुद अपनी जानों पर ज़ुल्म करते थे। (40)

उन लोगों की मिसाल जिन्हों ने बनाए अल्लाह के सिवा मददगार, मकड़ी की मानिंद है, उस ने एक घर बनाया, और घरों में सब से कमज़ोर (बोदा) घर मकड़ी का है, काश वह जानते होते। (41)

बेशक अल्लाह जानता है जो वह पुकारते हैं उस के सिवा जिस चीज़ को भी, और वह ग़ालिब, हिक्मत वाला। (42)

और यह मिसालें हम बयान करते हैं, लोगों के लिए, और उन्हें नहीं समझते जानने वालों के सिवा। (43)

और अल्लाह ने आस्मान और ज़मीन को पैदा किया हक़ के साथ, बेशक उस में ईमान वालों के लिए निशानी है। (44)